2020/00246

फर्द अहकाम

(नियम 26)

# न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

**प्रार्थी/अपीलांट** — बनाम — **अप्रार्थी/रेस्पोडेन्ट**

श्री करमाराम पुत्र श्री लाखाराम कलबी
जाति कलबी
निवासी हरणी अमरापुरा तहसील रेवदर
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी रेवदर

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 48 वर्ष 2020

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 13.08.2020 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिरोही को दिनॉक 14.03.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि भूमिहीन कृषक को भूमि आवंटन के सम्बन्ध में तहसीलदार रेवदर द्वारा भेजी गई जांच कार्यवाही की सूचना से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं ।<br><br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिरोही को दिनॉक 14.03.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि भूमिहीन कृषक को भूमि आवंटन के सम्बन्ध में तहसीलदार रेवदर द्वारा भेजी गई जांच कार्यवाही की सूचना से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। ए.डी.एम सिरोही द्वारा जरिये पत्र क्र. 821 दिनांक 18.12.2019 के द्वारा प्रकरण की सूचना उपखण्ड अधिकारी रेवदर से सम्बन्धित होने से उन्हें हस्तान्तरित किया गया। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रेवदर को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमें में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो ।<br><br>(भगवती प्रसाद)<br>जिला कलक्टर, सिरोही | 302-3<br>13/8/20 |

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.01.12 16:49:45 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner